# शारीरिक शिक्षा खेलकूद विभाग
## डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
### आगरा

डा0 अखिलेश चन्द्र सक्सैना
निदेशक
शा0शि0 खेलकूद विभाग
Email :- dr.acsaxena1@gmail.com
Mob :- +91 9897328756

पत्रांक संख्या : शा0शि0 खेलकूद/150/2025
दिनांक : 14 /07 /2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा।

महोदय/महोदया

जैसा कि आपको विदित है अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 का खेलकूद कलेण्डर शीघ्र ही जारी किया जायेगा। उक्त से सम्बन्धित खेलकूद परिषद् की बैठक दिनांक 25.07.2025 को अपराह्न 12:00 बजे बृहस्पति भवन, पालीवॉल पार्क में आहूत होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक की अध्यक्षता मा0 कुलपति जी द्वारा की जायेगी, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारीगण तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं खेलकूद परिषद् के सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.07.2025 तक अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगितायें जो आयोजित कराना चाहते है का विवरण निर्धारित प्रारूप (संलग्न–1) पर भरकर प्राचार्य/प्राचार्या से अग्रसरित कराकर निदेशक शारीरिक शिक्षा खेलकूद/सचिव ई–मेल आई0डी0– dr.acsaxena1@gmail.com या रजिस्टर डाक द्वारा उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा कि स्थिति में आपके महाविद्यालय को सत्र 2025–26 के खेलों का आंवटन करना सम्भव नहीं होगा जिसकी जिम्मेदारी स्वंय महाविद्यालय की होगी।

वित्तीय वर्ष सत्र 2024–25 तक आपके महाविद्यालय में कार्यरत यदि किसी शिक्षक को अग्रिम धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत की गयी है(अंतर महाविद्यालय/अखिल भारतीय/उत्तर क्षेत्रीय खेल

Scanned with OKEN Scanner

प्रतियोगिताओं में आयोजन सचिव/टीम मैनेजर/प्रशिक्षक रूप में) आपसे अनुरोध है कि शासन द्वारा बार–बार इनके समायोजन के लिये कार्यवाही किये जाने/आपत्ति के निराकरण हेतु कठोर कार्यवाही के आदेश प्राप्त हुये है, जिसके परिपेक्ष्य में लेखा विभाग तथा खेलकूद विभाग द्वारा भी उक्त से सम्बन्धित समायोजन हेतु **पत्रांक संख्या : प्रशा0/2027/2023 दिनांक 22.09.2023** तथा **पत्रांक संख्याः शा0 शि0 खेलकूद/45/2023–24 दिनांक 27.12.2023/पत्रांक संख्याः शा0 शि0 खेलकूद/18/2023–24 दिनांक 16.05.2024** द्वारा भी अवगत कराया गया है, क्योकि नियमानुसार अस्थाई अग्रिमों का समायोजन उसी वित्तीय वर्ष में किया जाना चाहिये।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके अधीनस्थ कार्यरत ऐसे शिक्षको का संज्ञान लेने एवं अग्रिमों के समायोजन हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे ऑडिट आपत्ति से बचा जा सकें।

मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि पूर्व वर्षो की भॉति विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु आपका सहयोग आगे भी मिलता रहेगा।

धन्यवाद।

Saxena
14/07/25

डा0 अखिलेश चन्द्र सक्सेना
निदेशक
शा0 शिक्षा एवं खेलकूद विभाग

डा0 सी0 सक्सैना
खेलकूद अधिकारी / निदेशक
शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग,
डा. बी. आर ए. वि. वि., आगरा

Scanned with OKEN Scanner

# शारीरिक शिक्षा खेलकूद विभाग
## डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा

### निर्धारित प्रारूप

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय का नाम | |
| प्राचार्य/प्राचार्या का नाम | |
| शारीरिक शिक्षक/शिक्षिका का नाम | |
| अग्रिम धनराशि हेतु सम्बन्धित का पैन न० | |
| अग्रिम धनराशि हेतु सम्बन्धित का खाता संख्या एव आइ०एफ०एस०सी० कोड तथा बैंक का नाम एवं शाखा का स्थान (छायाप्रति के साथ) | |
| प्राचार्य/प्राचार्या/शारीरिक शिक्षक/शिक्षिका का मो०न०/मेल आई०डी० | |
| आयोजन हेतु अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं के नाम | |

नोट:- अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु व्यवस्था से सम्बन्धित 05 -05 जियो टैग फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

हस्ताक्षर
क्रीड़ा प्रभारी / शारीरिक शिक्षक

हस्ताक्षर
प्राचार्य / प्राचार्या

Scanned with OKEN Scanner